सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 124 | इंदौर, मंगलवार 19 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर-उज्जैन में बदलेगा स्कूलों का समय समय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सर्द हवाएं चलने से मध्यप्रदेश में ठंड का असर है। इस वजह से अब स्कूलों की टाइमिंग भी बदली जा रही है। भोपाल में कई प्राइवेट स्कूलों ने 30 मिनट तक टाइमिंग बढ़ा दी है। इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर-उज्जैन में भी समय बदलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 20 नवंबर के बाद सर्दी का असर और बढ़ेगा।

पहाड़ों में जेटस्ट्रीम हवाएं चलने और वेस्टर्न डिस्टबेंस (पश्चिम विक्षोभ) की वजह से पिछले एक सप्ताह से कई शहरों में रात का टेम्प्रेचर लुढ़का है। भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में तापमान सामान्य से 2 डिग्री तक कम है। वहीं, ग्वालियर-इंदौर में सामान्य के बराबर है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले तीन-चार दिनों में कई शहरों में रात के टेम्प्रेचर में 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। उत्तरी हिस्से यानी ग्वालियर-चंबल संभाग में ठंड का असर ज्यादा बढ़ा रहेगा।

### भोपाल के इन स्कूलों में अब यह टाइमिंग

भोपाल के कोलार, अरेरा कॉलोनी और ईदगाह हिल्स स्थित सेंट जोसेफ स्कूल ने अपनी टाइमिंग बढ़ा दी है। जो स्कूल सुबह 7.30 बजे शुरू होते थे, वह आज से सुबह 8 बजे लगना शुरू हो गए हैं। सेज इंटरनेशनल स्कूल ने एक हफ्ते पहले ही समय में बदलाव कर दिया था। अन्य स्कूलों की टाइमिंग भी बदली जा रही है।

## ठंडी हवाओं से सिरहन

### दिन का पारा 30 डिग्री से कम, रात में भी ठण्ड का अहसास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पिछले 24 घंटों में ठण्ड का असर दिखने लगा है। दिन का तापमान इस सीजन में पहली बार 30 डिग्री से कम रिकॉर्ड हुआ। हल्की ठण्डी हवाओं से सिरहन है, जबकि रात का तापमान भी चार दिनों से 15 डिग्री सेल्सियस के करीब है। इससे रात को भी ठण्ड का हल्का अहसास है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 20 नवंबर के बाद इंदौर में ठण्ड का असर बढ़ेगा। इस दौरान रात का तापमान 12 से 13 डिग्री तक जा सकता है। दरअसल अभी हवा की दिशा पूर्वी बनी हुई है, इससे सर्दी कम महसूस हो रही है। यही कारण है कि रात का तापमान चार दिनों से एक जैसा बना हुआ है। हवा की दिशा उत्तरी होने पर इसमें 3-4 डिग्री की गिरावट आ जाएगी। नवंबर जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, सर्दी का दायरा भी बढ़ता चला जाएगा। फिलहाल अंधेरा होते ही ठंडापन तो महसूस हो रहा है लेकिन सर्दी जोरदार नहीं है। कई दिनों से पहाड़ों में जेटस्ट्रीम हवाएं चलने और वेस्टर्न डिस्टबेंस के कारण इंदौर में तापमान हल्का कम हुआ है। इसकी वजह उत्तर-पूर्वी हवाओं का असर कम होना है। इस वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिला है, जो अगले कुछ दिन और बना रहेगा। अभी पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर जेटस्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। वहीं, दक्षिणी हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। अभी हवाएं तो आ रही हैं लेकिन उनकी रफ्तार कम है इसलिए सर्दी तेज नहीं है। इंदौर में सोमवार सुबह से मौसम साफ रहा। सुबह दृश्यता 1800 मीटर की थी जबकि हवा की गति 17 किमी प्रति घंटा थी जिससे सुबह 9.30 बजे तक हल्की ठण्डक थी।

# सीएम यादव बोले- जो प्रभु राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं

## मुंबई में चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को सीएम डॉ. मोहन यादव ने मुंबई में जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सहयोगी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि -'जो प्रभु राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं।' हम दिल खोलकर जय श्रीराम का नारा लगाते हैं, लेकिन कांग्रेस के लोग उस नारे को सुनकर कुड़कुड़ाने लगते हैं।



इस चुनाव में एक तरफ जय श्रीराम बोलने वाले हैं, तो दूसरी तरफ राम के नाम से कुड़कुड़ाने वाले हैं। हमारे लिए नेशन फर्स्ट है। मप्र बनेगा आईटी और साइंस का नया हबः इधर जबलपुर में चार दिवसीय महाकौशल विज्ञान मेला और आरोग्य एक्सपो-2024 के समापन समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि मप्र आईटी और साइंस का नया हब बनेगा।

प्रदेश में फार्मिंग से लेकर फायनेंस तक, मैन्युफैक्चरिंग से लेकर मेडिसिन तक, एजुकेशन से लेकर कम्यूनिकेशन तक विज्ञान का उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश में साइबर सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश कम्प्यूटर एमरजेंसी रिस्पांस टीम का गठन किया गया है।

**सीएम की पहली विदेश यात्रा 24 से:निवेश जुटाने मुख्यमंत्री यूके और जर्मनी जाएंगे-** मप्र में निवेश आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 नवंबर से 6 दिन की यात्रा पर यूके, जर्मनी के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी यह पहली विदेश यात्रा होगी। इस यात्रा में यूके के लंदन, बर्मिंघम, जर्मनी के म्यूनिख, स्टटगार्ट का दौरा करेंगे। इस दौरान औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों व उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। वे 24 नवंबर को भोपाल से मुंबई होते हुए लंदन पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री लंदन में 'फ्रेंड्स ऑफ मप्र' प्रवासी भारतीयों द्वारा आयोजित रात्रि-भोज कार्यक्रम में शामिल होंगे। 25 नवंबर को ब्रिटिश संसद का दौरा करेंगे। 26 नवंबर को उद्योगपतियों एवं भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दोरईस्वामी से बात करेंगे। इसके बाद इन्वेस्टमेंट अपॉरच्युनिटी इन मप्र, इंटरेक्टिव सेशन में 120 प्रतिभागियों से चर्चा करेंगे। 28 व 29 नवंबर को जर्मनी प्रवास पर रहेंगे।

# साथ जाने से मना किया, तो मार दी गोलियां

## प्रेमिका से पहले उसकी बुजुर्ग मां को मारी गोली, पास ही सो रहे थे बच्चे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में महिला और उसकी मां को उसके ही प्रेमी ने उस समय गोलियां मार दीं, जब वे गहरी नींद में थीं। पास ही महिला के तीन बच्चे सो रहे थे। आरोपी मां-बेटी को मृत समझकर भाग गया, लेकिन किस्मत से उसकी प्रेमिका की जान बच गई, जबकि उसकी बुजुर्ग मां की मौत हो गई है। हमलावर तीन साल से महिला के साथ लिव-इन-रिलेशन में था।**

घायल से जब पुलिस ने पूछा कि ऐसा क्या हुआ था कि उसके प्रेमी ने यह कदम उठाया? जिस पर घायल रज्जो ने कहा कि आरोपी विष्णु उसे अपने साथ चलने के लिए कह रहा था, लेकिन वह अपनी मां को छोड़कर जाना नहीं चाहती थी। दो दिन पहले इसी को लेकर विवाद हुआ था। मां ने उसे भगा दिया था। इसे बेइज्जती समझकर वह आधी रात बदला लेने आया था। एएसपी निरंजन शर्मा का कहना है- आरोपी फरार है। ग्वालियर के मोहना थाना पुलिस हमलावर की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

### गोली की आवाज पर नींद टूटी, मां की मौत हो चुकी थी

घायल रज्जो से पुलिस ढंग से पूछताछ नहीं कर पाई है। उसकी हालत ठीक नहीं है, लेकिन जितना पता लगा है, उससे यह साफ है कि जिस समय मां-बेटी पर हमला हुआ तब दोनों गहरी नींद में थीं। खेत पर बने मकान पर खटिया डालकर बाहर की तरफ सो रही थीं, जबकि बच्चे अंदर घर में सो रहे थे। आधी रात को आरोपी ने सोते समय पहले 65 वर्षीय मीरा आदिवासी की कनपटी में गोली मारी। वह वहीं ढेर हो गई। गोली की आवाज सुनकर रज्जो की नींद टूटी तो उसने अपने प्रेमी विष्णु पंडित को सामने खड़ा देखा, लेकिन वह कुछ समझ पाती, तभी उसने उसके सीने पर टारगेट कर गोली मार दी, लेकिन वह झुक गई, इससे गोली वहां नहीं लगी जहां लगनी थी। इसके बाद वह बेहोश होकर गिर पड़ी।

# इंदौर ने वर्ल्ड टॉयलेट डे 2024 पर 700 शौचालयों में एक लाख सेल्फी लेकर बनाया नया रिकॉर्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर स्वच्छता के मामले में देश में अग्रणी माना जाता है। यह शहर स्वच्छता को अपनी पहचान और संस्कार बना चुका है, और इसका असर अब दुनिया भर में दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर की स्वच्छता को लेकर कहा था कि यह शहर स्वच्छता के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। अब इंदौर ने इस उपलब्धि को और ऊंचा करते हुए 'स्वच्छता की अष्ट सिद्धि' के लिए एक अनूठा अभियान शुरू किया है।




### 700 शौचालयों पर 1 लाख सेल्फी का रिकॉर्ड

इंदौर के नागरिकों ने शहर के 700 से ज्यादा सार्वजनिक शौचालयों में बनाए गए सेल्फी पॉइंट्स पर पहुंचकर एक लाख से अधिक सेल्फी ली, जिससे एक नया रिकॉर्ड बना है। यह अभियान वर्ल्ड टॉयलेट डे पर चलाया गया था और इसका उद्देश्य इंदौर को 'वाटर प्लस' और 'सेवन स्टार' जैसे महत्वपूर्ण सर्टिफिकेट दिलवाना था।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए अहम कदम

यह कदम इंदौर के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन सर्टिफिकेट्स से शहर को अगले स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में अतिरिक्त अंक मिलेंगे, जिससे इंदौर को आठवीं बार स्वच्छता में पहले स्थान पर आने का सपना पूरा करने में मदद मिलेगी। जिन शहरों के पास यह सर्टिफिकेट होते हैं, उन्हें सर्वेक्षण में अतिरिक्त अंक मिलते हैं और इससे प्रतियोगिता में इंदौर का पक्ष मजबूत होगा।

### वाटर प्लस सर्टिफिकेट के लिए निरीक्षण

'वाटर प्लस' सर्टिफिकेट पाने के लिए शौचालयों की स्थिति, सुविधा घरों की व्यवस्था, जल स्रोतों की व्यवस्था और पानी की निकासी की जांच होती है। इंदौर ने इस सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक शौचालयों और सुविधाघरों को सजाया है और इनमें सेल्फी पॉइंट्स बनाए हैं, ताकि नागरिक उत्साह से इन शौचालयों में जाकर सेल्फी लें और इस अभियान में भाग लें।

### शौचालय सुपरस्पाट अभियान की शुरुआत

नगर निगम ने इस अभियान को 'शौचालय सुपरस्पाट' नाम दिया है। इस अभियान की शुरुआत आज सुबह 7 बजे होटल मेरिएट के पास स्थित शारदा मठ सुलभ शौचालय से की गई। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक रमेश मेंदोला भी उपस्थित रहे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए एनजीओ की टीम सुबह 5 बजे शौचालयों पर पहुंच गई और नागरिकों को सेल्फी पोर्टल पर उनकी तस्वीरें अपलोड करने में मदद की।

# पिच्छिका संतों के अहिंसा व्रत के पालन का है उपकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नेमिनगर जैन कॉलोनी में भव्य पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष कैलाश लुहाड़िया एवं मंत्री गिरीश पटौदी ने बतलाया की पूज्य मुनि संघ के आसन पर विराजमान होने के साथ ही कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।**



इंदौर। मंगलाचरण दीप प्रज्वलन साथ मंगलमय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। दीप प्रज्वलन सभी हमारे सम्मानित कलश स्थापना कराओ एवं समाज के पदाधिकारी द्वारा किया गया। उसके पश्चात पधारे हुए समस्त अतिथियो जो देवास, सुसनेर, पिड़ावा, मुंबई, आष्टा से गुरु चरणो में पधारे थे ने श्रीफल भेंट कर गुरु वंदना की। मुनि संघ का पाद प्रक्षालन,कर शास्त्र भेंट किये गए। सभी चातुर्मास संयोजको श्री शैलेश ममता अजमेरा,मनीष मोनू श्वेता काला,श्री रवि निविया वेद श्रीमती शीलू विवेक पाटनी श्रीमती ज्योति संजय सेठी को अभिनन्दन पत्र प्रदान कर सम्मान किया।उसके पश्चात समस्त चातुर्मास सहयोगियों का सम्मान किया गया।स्वागत समाज अध्यक्ष कैलाश लुहाड़िया, मंत्री गिरिश पटौदी, संदीप गंगवाल, राजेश बज, पदाधिकारी परिषद के साथ महिला मंडल से श्रीमती दमयंती लुहाड़िया, श्रीमती निर्मला पटौदी श्रीमती उर्मिला दोशी श्रीमती कल्पना जैन, ज्योति सेठी,शीलू पाटनी एवं साथियों द्वारा किया गया उसके पश्चात सभी प्रमुख कलश प्राप्त करने वाले प्रथम कलश श्री दीपेश गोधा,श्री राहुल जैन मुंबई, श्री निलेश छाबड़ा देवास, श्री महावीर छाबड़ा नेमीनगर एवं अतुल जैन नेमीनगर का सम्मान अभिनंदन किया गया।गुरु पूजा श्रीमती कल्पना जैन एवं शरद जैन ने सम्पन्न की।अध्यक्ष कैलाश लुहाड़िया ने अपने उद्बोधन में पूज्य मुनि संघ के प्रति कृतज्ञता प्रकट की एवं इस बात को निरूपित किया कि यह संघ अपने आप में सबसे अलग है,जो शुद्ध रूप से स्वाध्याय में रत रहते हैं इन्होंने कभी किसी व्यवस्था की मांग नही की। प्रतिदिन स्वाध्याय करना और पढ़ना पढाना ही इनका मुख्य लक्ष्य है। इस संघ का वर्षायोग होने से हम नेमिनगर वासी धन्य हो गये। इस अवसर पर सभी का आभार एवं क्षमा याचना भी गई।

पूज्य मुनि मोन सागर जी महाराज को पिच्छिका प्रदान करने का सौभाग्य कैलाश दमयन्ती लुहाडिया एवं कैलाश शर्मिला काला,मुनि सागरजी महाराज को अतुल संगीता जैन एवं श्रेयांस राजुल बड़जात्या को, मुक्ति सागर जी महाराज शीलू विवेक पाटनी एवं महावीर छाबड़ा प्राप्त हुआ।मंगलाचरण श्रीमती किरण बड़जात्या,मनाली भुता अर्पिता पाटनी और विणा सेठी द्वारा किया गया। संचालन परम विदुषी ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी एवं महामंत्री गिरीश पटौदी द्वारा किया गया एवं आभार समाज अध्यक्ष कैलाश लुहाड़िया द्वारा किया गया।

# मेयर अंतर विद्यालयीन खेल स्पर्धाएं 20 नवंबर से

### खिलाड़ियों को मिलेगी 20 लाख से अधिक की इनाम राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में 20 नवंबर से महापौर अंतर विद्यालयीन खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विजेता, उपविजेता और तीसरा स्थान प्राप्त टीमों तथा खिलाड़ियों को करीब 20 लाख से अधिक की नगद राशि का इनाम प्रदान किया जाएगा। मेयर पुष्यमित्र भार्गव और मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ अध्यक्ष रमेश मेंदोला के नेतृत्व में इंदौर नगर निगम और मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें विजेता, उप विजेता, तीसरा स्थान प्राप्त टीमों और खिलाड़ियों को करीब 20 लाख से अधिक की नगद राशि का इनाम प्रदान किया जाएगा। निगम के खेल उत्सव प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया और मप्र ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी ने बताया कि स्पर्धा के अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बिलियर्ड्स, टेबल टेनिस, बास्केट बॉल, फुटबॉल, नेटबॉल, जूडो, बॉक्सिंग, हैंडबॉल, कबड्डी, ताइक्वांडो, खो खो, हॉकी, सॉफ्टबॉल, कराते, सितोलिया, ऐथ्लैटिक्स, वॉलीबॉल, जिमनास्टिक, योग, कुश्ती, शतरंज, गोल्फ, स्केटिंग तथा क्रिकेट आदि 26 खेलों की स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। मुकाबले नेहरू स्टेडियम, चिमन बाग खेल मैदान, डेली कॉलेज, बॉस्केटबॉल कॉम्प्लेक्स, हैप्पी वांडर्स मैदान अटल खेल परिसर और अन्य खेल मैदानों पर खेले जाएंगे।

## जम्मू और बिलासपुर जाने वाली ट्रेनें निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर से जम्मू (कटड़ा) जाने वाली ट्रेनों के आने-जाने के समय में अस्थायी बदलाव हुआ है। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल में रेलवे ब्लॉक के कारण जम्मू जाने वाली ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इंदौर से जम्मू (कटड़ा) जाने वाली 09321 सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन को आज यानी 18 नवंबर से 25 नवंबर तक निरस्त कर दिया है। जबकि मालवा एक्सप्रेस को परिवर्तित रूट से चलाया जाएगा। इसी तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के शहडोल-न्यू कटनी जंक्शन स्टेशन के बीच नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर तीसरी लाइन की कनेक्टिविटी के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण इंदौर-बिलासपुर-इंदौर ट्रेन निरस्त रहेगी। बिलासपुर से इंदौर आने वाली 18234 ट्रेन 22 से 30 नवंबर तक और इंदौर से बिलासपुर जाने वाली 18233 ट्रेन 23 नवंबर से 1 दिसंबर तक निरस्त रहेगी।



# मेट्रो रेल स्टेशन के लिए बनाया जाएगा मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन प्लान

### कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में मेट्रो रेल के स्टेशनों तथा उसके आसपास के क्षेत्र में यात्रियों तथा संबंधित क्षेत्र के निवासियों आदि के लिए सुविधायें विकसित करने के मद्देनजर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन प्लान तैयार किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा ली गई मेट्रो स्टेशनों की लोकल एरिया प्लानिंग की बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी सीईओ श्री दिव्यांक सिंह सहित मेट्रो कंपनी के अधिकारी आदि मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि मेट्रो रेल परियोजना का कार्य तेजी से जारी है। मेट्रो रेल के स्टेशन भी निर्मित किये जा रहे हैं। मेट्रो रेल स्टेशन में यात्रियों तथा इसके आसपास के नागरिकों के लिए पार्किंग, कनेक्टिविटी और अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित करना है। इसके लिए मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन प्लान तैयार किया जाना होगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि यह प्लान अति शीघ्र तैयार कर लिया जाए। प्लान को कार्य रूप में परिणीत करने के लिए वित्तीय संसाधनों पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि यह प्लान तैयार कर मंजूरी के लिए राज्य शासन को भेजा जाएगा। प्लान में मौजूदा संसाधनों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए गए।



# वसूली नहीं हुई तो निगमायुक्त ने दो को सस्पेंड किया

## कलेक्टर बोले-सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों का एक दिन में निराकरण हो, नहीं तो कार्रवाई होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समय सीमा में पालन नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि, हर विभाग की रैंकिंग 40 से अधिक नहीं हो। 40 से अधिक रैंकिंग आने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी अपने-अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार लाएं।**

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि, सभी अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का उसी दिन निराकरण करें। एक भी आवेदन नॉन अटेंड नहीं रहे। सीमांकन, बंटवारा और नामांतरण आदि राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

50 दिन से अधिक लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। अगर एक भी शिकायत ऐसी मिलती है। जिसमें कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समय-सीमा के पत्रों और लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की भी विभागवार समीक्षा की।

बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर गौरव बेनल, ज्योति शर्मा, आईडीए सीईओ आरपी अहिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, राजेन्द्र रघुवंशी, निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**राजस्व वसूली की जोनवार समीक्षा, दो निलंबित-** नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा राजस्व वसूली की जोनवार समीक्षा की। राजस्व वसूली में लापरवाही करने और कम वसूली करने पर जोन क्रमांक 2 के सहायक राजस्व अधिकारी शुभम बुनकर एवं जोन 9 सहायक राजस्व अधिकारी प्रतीक भिंडोरिया को निलंबित किया गया। कहा कि, 10 दिन में फिर से समीक्षा की जाएगी। 50 प्रतिशत से कम वसूली करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### आधी रात युवती का बर्थडे मनाने पहुंचे युवक

# रहवासियों से विवाद के बाद हुई मारपीट, बजरंग दल कार्यकर्ता भी पहुंचे, दोनों पक्षों पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में युवती के बर्थडे के दौरान देर रात तक पार्टी करने के मामले में दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। इसमें एक पक्ष की ओर से हिंदूवादी थाने पहुंचे। यहां एफआईआर को लेकर हंगामा किया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से कार्रवाई की है। हिंदू पक्ष के लोगों का आरोप है कि यहां डांस क्लास के नाम पर अवैध गतिविधि संचालित होती हैं।**

द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार परिवहन नगर में युवती के बर्थडे पार्टी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। यहां रहवासियों ने युवकों पर मारपीट और हमले का आरोप लगाया। देर रात पुलिस पहुंची, तो दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। सूचना के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता भी थाने आए। उन्होंने यहां हंगामा किया। पुलिस की समझाइश के बाद देर रात 2 बजे कार्यकर्ता यहां से चले गए।

द्वारकापुरी पुलिस ने किशन राठौर की शिकायत पर रिजवान, रेहान, अमान, शिब्बू और अम्जा पर मारपीट सहित गाड़ियों में तोड़फ़ोड़ और पथराव करने के मामले में केस दर्ज किया है। किशन ने बताया कि वह डीजे का काम करते हैं। सोमवार रात करीब 11 बजे के लगभग नजदीक ही रहने वाली खुशी के घर पर चंदन नगर में रहने वाले युवक पहुंचे थे। जो रात में जोर-जोर से शोर मचा रहे थे। उन्हें रोका और शांति से बर्थ डे मनाने के लिए कहा। इस पर रिजवान और उसके साथी अपशब्दों का इस्तेमाल करने लगे और मारपीट कर दी। इस दौरान आसपास के लोग वहां पहुंचे और बीच-बचाव किया।

द्वारकापुरी पुलिस ने दूसरे पक्ष के रेहान शाह की शिकायत पर चार से पांच अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। रेहान ने बताया कि खुशी उनकी दोस्त है। रात में वह उसका बर्थडे मनाने पहुंचे थे। तब चार से पांच लोग खुशी के घर के बाहर आए। उन्होंने शोर मचाने से मना किया और गालियां देने लगे। इस दौरान एक व्यक्ति ने वहीं पड़ी कुर्सी उठाकर उसे मारी। जिसके बाद शिब्बू पर हमला किया। अमान को एक व्यक्ति ने पकड़कर नीचे गिरा दिया। अन्य लोगों ने लात घूंसो से उनकी पिटाई कर दी। उन्हें अपनी गाड़ियां छोड़कर भागना पड़ा।

### चाकू से हमले और तोड़फ़ोड़ का आरोप

रहवासियों ने चंदन नगर के युवकों पर चाकू से हमला करने और गाड़ियों में तोड़फ़ोड़ करने को लेकर आरोप लगाए। पुलिस देर रात विवाद की सूचना पर यहां पहुंची तो यहां आरोपियों के टू व्हीलर में तोड़फ़ोड़ हुई थी। दूसरे पक्ष की गाड़ियां भी मौके पर पड़ी थी। बाद में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की जानकारी लगी तो वह भी थाने पहुंच गए। लड़कों पर कार्रवाई की मांग कर नारेबाजी करने लगे। रहवासियों का आरोप है कि खुशी डांस क्लास चलाती है। इसके कारण यहां पर हुडदंग होता है। जिससे लोगों को परेशानी होती है।

# युवती ने रिलेशनशिप तोड़ी तो देने लगा धमकी

### बोला- पूरे परिवार को खत्म कर दूंगा शादी मुझसे ही करनी पड़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ में एक युवती ने युवक से रिलेशनशिप तोड़ी तो वह उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी ने कहा कि अगर शादी नही की तो परिवार को जान से खत्म कर देगा। आरोपी लगातार कॉल कर युवती को धमका रहा है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक पर केस दर्ज किया है।**

पुलिस ने निजी कंपनी में काम करने वाली युवती की शिकायत पर राहुल ठाकुर पर छेड़छाड़ करने और धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी राहुल ठाकुर उसकी कॉलोनी में ही रहता है। वह उससे 5 साल से रिलेशनशिप में थी। दोनों के बीच काफी अच्छी दोस्ती थी। राहुल की हरकते ठीक नही है। इस कारण से 1 साल से बात नही कर रही। उससे दूरी बना ली है।

इसके बाद लगातार राहुल आने जाने के दौरान पीछा करने लगा। युवती ने बताया कि वह खुलकर कही आ जा नही पा रही। वह लगातार कॉल कर धमकियां दे रहा है। उसका कहना है कि शादी उसी से करना पड़ेगी। रिलेशनशिप तोडऩे से कुछ नही होगा। अगर शादी कही और करने का सोचा और उसकी बात नही मानी तो परिवार को जान से खत्म कर देगा।

जो भी फोटो उसके पास है। उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। परेशान होकर पीडिता ने रविवार को अपनी बुआ के घर जाकर उन्हें पूरी बात बताई। बाद में थाने जाकर आरोपी राहुल ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# दोस्त का अपहरण किया, कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया थाने में 18 साल के बीकॉम सेकेण्ड ईयर के स्टूडेंट ने रेप केस में फंसे आरोपी आदित्य और संदीप वर्मा पर रविवार को अपहरण और कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाने व मारपीट करने की धाराओं में भी केस दर्ज कराया है, टीआई तारेश सोनी ने बताया कि घटना 21 अक्टूबर की है।**

छात्र ने बताया कि वह उसकी दोस्त के इंस्टाग्राम आईडी से मिलने के लिये मैसेज आया। जिसमें उसने तलावली चांदा तरफ बुलाया। यहां पर वह अपनी युवती दोस्त का इंतजार कर रहा था। तब वहां एक पिकअप गाड़ी में आदित्य,संदीप व अन्य लोग आए। उन्होंने गाड़ी में बैठाया और आगे ले गए। यहां रास्ते में कपड़े उतरवाकर उसका वीडियो बनाया और मारपीट की। उन्होंने युवती से मिलने की बात पर धमकाया। वही बाइक पर बैठाकर बाद में तालाब के पास छोड़ गए। छात्र ने डर के चलते यह बात किसी को नही बताई। युवती को जब आदित्य धमका रहा था तो वह थाने पहुंची। यहां पर उसने बताया कि उसके दोस्त के साथ भी आरोपियों ने इस तरह की हरकत की है। पुलिस ने बाद में छात्र के बयान पर अपहरण, मारपीट और अश्लील वीडियो बनाने का मामला दर्ज किया है। इस मामले में अभी एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है, बाकी की तलाश जारी है।

### रास्ते से हटाने बनाया वीडियो

आदित्य से पहले युवती की दोस्ती थी। दोनों साथ घूमते थे। बाद में अन्य युवक से दोस्ती कर ली। यह बात आदित्य को खटकती थी। उसने बदला लेने की नीयत से युवती की आईडी से युवक को मैसेज कर बुलाया और उसके साथ मारपीट कर वीडियो बना लिया। टीआई सोनी के मुताबिक आरोपियों ने वीडियो वायरल नही किया था। युवक को रास्ते से हटाने के लिये उसे अपने पास रखा हुआ था।

# एअरपोर्ट पर शारजाह से आए पैसेंजर पर कार्रवाई

### गलत पासपोर्ट से यात्रा करते हुए पकड़ा, एजेंट के जरिए डेट ऑफ बर्थ, नाम में कराया था करेक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम पुलिस ने एअरपोर्ट ऑफिसर की शिकायत पर शारजाह से आए एक यात्री पर गलत पासपोर्ट के साथ यात्रा करने के मामले में कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस ने पत्र मिलने के बाद सोमवार को कार्रवाई की है।**

पुलिस ने योगेश सोनी की शिकायत पर मोहम्मद कलाम राइन पर गलत पासपोर्ट के साथ यात्रा करने के मामले में 318 बीएनएस में केस दर्ज किया है। योगेश सोनी ने 18 नवंबर को एक लेटर एरोड्रम पुलिस को सौंपा था। इस पत्र में उन्होंने बताया कि उनकी इमिग्रेशन चेक पोस्ट पर ड्यूटी थी। 17 नवंबर को 11 बजकर 15 मिनट पर वह एराइवल चेक पोस्ट पर मौजूद थे। शारजाह से इंदौर आने वाली फ्लाइट के यात्री मोहम्मद कलाम राइन को चेक किया। मोहम्मद कलाम कबाड़ी पुत्र मोहम्मद दाउद कबाड़ी द्वारा फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर यात्रा की गई। पासपोर्ट पर अंकित जन्म दिनांक और उनकी उम्र में अंतर दिखा।

उनसे पूछताछ के लिए ड्यूटी आफिसर दीपक मंडलोई ,विंग इंचार्ज सचिन गौतम को वहां बुलाया गया। मोहम्मद कलाम ने बताया कि उसने अपनी जन्म तिथि 1 जनवरी 1982 की जगह 1 जनवरी 1988 करवाई है। जो उन्होंने एक एजेंट के माध्यम से चेंज कराई है। इसके बाद मोहम्मद कलाम द्वारा मोबाइल में पुराना पासपोर्ट दिखाया गया। जिसमें पत्नी और मां का नाम भी अलग था। इसके बाद उन्हें कार्रवाई के लिए एअरपोर्ट पर रोका गया। बाद में पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।

**इन नामों में था करेक्शन-** मोहम्मद कलाम राइन के पासपोर्ट में मोहम्मद कलाम कबाड़ी के साथ जन्म दिनांक 1 जनवरी 1982 अंकित थी। जिसमें पिता का नाम मोहम्मद दाउद कबाड़ी, मां का नाम सबीला खातून और पत्नी का नाम जाहिदा खातून था। जबकि मोबाइल में मिले पासपोर्ट में जन्म दिनांक 1 जनवरी 1988 के साथ खुद का नाम मोहम्मद कलाम राइन पिता दाउद राइन, मां हसीना खातून और पत्नी जाहिरा खातून अंकित किया गया था।

# हफ्ता वसूली करने वाला बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना में कैफे संचालक से हफ्ता वसूली करने पहुंचे बदमाश का पुलिस ने जुलूस निकाला। बदमाश के हाथ-पैर में चोट आई थी। जुलूस के दौरान उससे चलते नहीं बन रहा था। इसके बाद इलाके में ले जाकर संचालक से माफी भी मंगवाई गई।

खजराना इलाके में पिछले दिनों साजिद अली नाम के कैफे संचालक से इमरान गौरी और उसके साथियों ने नशे और खर्चे के लिए 10 हजार रुपए मांगे थे। पुलिस में शिकायत के बाद सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसका जुलूस निकाला गया। बदमाश इमरान गौरी के हाथ पैर भागने के दौरान टूट गए थे। पुलिस को सहारा देकर उसे चलाना पड़ा। इस दौरान पुलिस ने उससे माफी भी मंगवाई। खजराना पुलिस ने रात में देशी पिस्टल और कारतूस के साथ इलाके के दो बदमाशों को पकड़ा है। आरोपियों से एक देशी पिस्टल और कारतूस बरामद किया है। आरोपी इलाके में वारदात करने के लिए घूम रहे थे। टीआई मनोज सेंधव की टीम ने अकरम उर्फ चीना और भय्यू सुरीला को पकड़ा है। आरोपियों के पास से एक अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। दोनों पर पूर्व में हत्या के प्रयास, लूट जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस पकड़ाए आरोपियों का भी जल्द जुलूस निकालेगी।

# प्रदेश में विदेश से आएगा निवेश, सीएम छह दिनी विदेश यात्रा पर ब्रिटेन-जर्मनी जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में विदेश से निवेश लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 से 30 नवंबर तक ब्रिटेन और जर्मनी प्रवास पर रहेंगे। उद्योग वर्ष 2025 में प्रदेश में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री यह छह दिवसीय विदेश यात्रा कर रहे हैं। वे ब्रिटेन के लंदन, बर्मिंघम तथा जर्मनी के म्यूनिख और स्टटगार्ट का दौरा करेंगे। इन स्थानों पर वे प्रदेश में निवेश और औद्योगिक सहयोग के अवसरों को बढ़ाने के लिए औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों और उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 नवंबर को भोपाल से मुंबई होते हुए लंदन के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात 8 बजे लंदन पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री 25 नवंबर को वेस्टमिंस्टर स्थित ब्रिटिश संसद का दौरा करेंगे। वे किंग्स क्रॉस और पुनर्विकास स्थलों का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री लंदन में "फ्रेंड्स ऑफ मध्य प्रदेश'' प्रवासी भारतीयों द्वारा आयोजित रात्रि-भोज कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमे 400 से अधिक प्रवासी भारतीय सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री 26 नवंबर को ब्रेकफास्ट पर उद्योगपतियों एवं भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दोईस्वामी से संवाद करेंगे। इसके बाद इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्य प्रदेश, इंटरेक्टिव सेशन में लगभग 120 प्रतिभागियों से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लंच ब्रेक के बाद राउंड टेबल मीटिंग्स में इलेक्ट्रिक व्हीकल एवं ऑटो, एजुकेशन, रिन्युएबल एनर्जी और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर्स में निवेश पर चर्चा करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योगतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 27 नवंबर को वारविक यूनिवर्सिटी का भ्रमण करेंगे



इसके बाद वारविक मैन्युफैक्चरिंग ग्रुप के डीन, फैकल्टी मेंबर्स और शोधार्थियों से संवाद करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव बर्मिंघम हवाई अड्डे से जर्मनी के लिए प्रस्थान कर रात 8:20 बजे म्यूनिख पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 और 29 नवंबर को जर्मनी प्रवास पर रहेंगे। यात्रा के दौरान म्यूनिख और स्टटगार्ट में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 28 नवंबर को सुबह वे बवेरिया राज्य सरकार के नेताओं और म्यूनिख में कौंसुल जनरल ऑफ इंडिया से चर्चा करेंगे। इसके बाद डॉ. यादव एसएफसी एनर्जी का भ्रमण करेंगे। वे बेयरलोचर ग्रुप द्वारा आयोजित लंच में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्य प्रदेश, इंटरैक्टिव सेशन में शामिल होंगे, जिसमें कौंसुल जनरल ऑफ इंडिया, सीआईआई और इन्वेस्ट इंडिया, इंडो जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। इसमें लगभग 80 प्रतिनिधियों से मध्यप्रदेश में निवेश संबंधी चर्चा होगी। डॉ. यादव इन्टरैक्टिव सेशन के बाद उद्योग प्रतिनिधियों से वन-टू-वन मीटिंग में भी निवेश संबंधी चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 'फ्रेंड्स आर्फ एमपी' के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमे लगभग 100 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव कौंसुल जनरल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित रात्रि भोज में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 29 नवम्बर को स्टटगार्ट स्थित लैप ग्रुप की फैक्टरी का दौरा करेंगे और अधिकारियों से निवेश संबंधी चर्चा करेंगे। उद्योग प्रतिनिधियों से "इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटिज इन मध्य प्रदेश'' विषय पर राउंडटेबल मीटिंग होगी, जिसमें लगभग 20 प्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्टटगार्ट के स्टेट म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री का भ्रमण भी करेंगे। यह म्यूजियम जर्मनी का एक प्रमुख प्राकृतिक ऐतिहासिक म्यूजियम है, जिसमें प्राचीन जीवाश्म और डायनासोर के अवशेषों का विशाल संग्रह है। म्यूजियम की स्थापना 1791 में हुई थी, इसमें एक करोड़ से अधिक वस्तुएं संग्रहित हैं। यह जर्मनी का सबसे बड़ा म्यूजियम है। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव फ्रैंकफर्ट के लिए रवाना होंगे। वे फ्रैंकफर्ट से रात 8 बजे नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### स्कूल जा रही छात्राओं को देख पशुपालन मंत्री ने रोका काफिला

## पूछा- पैदल क्यों जा रही हो? छात्राएं बोली साइकिल नहीं मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** पैदल स्कूल जा रहीं छात्राओं को देखकर पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने अपना काफिला रोककर पूछा कि पैदल क्यों जा रही हो। छात्राओं ने जवाब दिया कि साइकिलें नहीं मिलीं। यह जवाब सुनकर मंत्री पटेल ने छात्राओं को साइकिल देने की बात कही और अन्य समस्यायों भी जानी। इस बातचीत का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

एक छात्रा दीपा लोधी ने बताया कि जब वह कक्षा 9वीं में पढ़ती थी। उस दौरान लॉकडाउन लग गया, तभी से साइकिल नहीं मिलीं। छात्रा ने बताया कि गांव में सड़क नहीं है, खेत से होकर जाना पड़ता है। मंत्री पटेल ने पूछा कि कितनी सहेलियों को जरूरत है। दीपा ने कहा 20 से 25 छात्राओं को चाहिए। मंत्री ने छात्रा दीपा से पांच छात्राओं के नाम लिखकर देने को कहा और वहां से चले गए।

बता दें शासन द्वारा उपलब्ध कराई साइकिलें स्कूल परिसरों में पड़ी-पड़ी धूल खा रही हैं। वितरण न होने से साइकिलों पर अब जंग लगने लगी है। पथरिया ब्लॉक की बात करें तो यहां 1200 से अधिक साइकिलें किंद्रहो स्कूल परिसर में रखी हैं। वितरण में देरी होने के कारण इनमें जंग लगती जा रही है। कई छात्र-छात्राएं पैदल



स्कूल जाने को मजबूर हैं। इसकी हकीकत स्थानीय विधायक व मंत्री लखन पटेल ने खुद महसूस की। दरअसल मंत्री पटेल पथरिया विधानसभा अंतर्गत खजरी गांव के दौरे पर थे। कई जगह रुक कर उन्होंने लोगों से जानकारी भी ली।

### 5 महीने पहले आ चुकी है साइकिल

पथरिया ब्लॉक के 48 स्कूलों के लिए 5 महीने पहले साइकिल आ चुकी हैं। कक्षा 8 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को यह दी जाना है, लेकिन अब जंग लगने से खराब होने लगी हैं। इस संबंध में पथरिया विधायक और पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने कहा साइकिलों का वितरण क्यों नहीं हुआ है, यह मालूम कराता हूं, लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## थाना प्रभारी के साथ मारपीट का मामला, पुलिस ने 7 नामजद सहित 20 अन्य के खिलाफ किया मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ने मंगलवार की सुबह जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की दोपहर टीकमगढ़ जिले के पुलिस थाना बड़ा गांव की प्रभारी अनुमेहा गुप्ता के साथ जाम के दौरान मारपीट कर दी गई थी और उनके साथ छेड़छाड़ हुई थी। इस मामले में अनुमेहा गुप्ता के आवेदन पर मुन्नीलाल लोधी सहित 7 नामजद और 20 अन्य के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा मारपीट और महिला थाना प्रभारी से छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है।

### क्यों हुआ था विवाद

दरअसल, दरगुवा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद परिजन बड़ा गांव पुलिस थाने पहुंचे थे और बड़ा गांव पुलिस ने परिजनों को यह कहकर भगा दिया था कि घटनास्थल उनके क्षेत्र में नहीं आता है। वह 3 घंटे तक परेशान होते रहे, इसके बाद ग्रामीणों ने बड़ा गांव खरगापुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया था।

सूचना मिलने पर चक्काजाम खुलवाने के लिए बड़ा गांव पुलिस थाने की प्रभारी अनुमेहा गुप्ता मौके पर पहुंची थी और उन्होंने ग्रामीणों



से चक्का जाम खोलने का अनुरोध किया, तभी ग्रामीणों से उनकी बहस हो गई। इसके बाद थाना प्रभारी ने वहां पर खड़े एक लड़के को तमाचा मार दिया था। जवाब में ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को थप्पड़ जड़ दिए थे और मैडम वहां से रफू चक्कर हो गई थी। जैसे ही सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हुआ तो बीती रात्रि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### जांच के लिए एसआईटी का गठन

टीकमगढ़ जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ने बताया कि इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने एक एसआईटी टीम का गठन किया है जो पूरे मामले की जांच करेगी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में स्पष्ट तौर पर देख सकते हैं कि चक्काजाम के दौरान महिला थाना प्रभारी द्वारा वहां पर उपस्थित एक लड़के को सबसे पहले तमाचा मारा गया था, इसके जवाब में महिला पुलिस थाना प्रभारी पर ग्रामीणों ने थप्पड़ मारे थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का कहना है कि दोनों पक्षों की जांच की जाएगी।

### विवादों से रहा है थाना प्रभारी का नाता

इसके पहले लिधौरा पुलिस थाने की प्रभारी थी, जहां पर उनका विवादों से नाता रहा था। भारतीय जनता पार्टी के एक नेता पर झूठी 307 के मामले को लेकर बवाल मचा था। इसके साथ ही वहां पर उन्होंने गेहूं खरीदी में भी इनके ऊपर घोटाले के आरोप लगे थे।

## कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल पर घर के पास ही रहने वाली महिला के साथ छेड़छाड़ का आरोप, मामला हुआ दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा।** हरदा नगर के आवासीय कॉलोनी में रहने वाली एक 32 साल की पीड़िता के साथ शहर के ही कोतवाली थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल शिव शंकर चौरे के द्वारा लगातार अश्लील हरकतें करने के साथ ही, छेड़छाड़ और संबंध बनाने के लिए मजबूर करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। आरोपी अपने परिवार के साथ शिकायतकर्ता महिला के परिवार के करीब में ही रहता है और पीड़ित महिला के घर उसका आना-जाना भी बताया जा रहा है।

जिसका फायदा उठाकर आरोपी पुलिस कांस्टेबल शिव शंकर ने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। इसको लेकर महिला बीते 29 सितंबर से न्याय के लिए अधिकारियों से गुहार लगा रही थी। हालांकि अब तक उसकी सुनवाई नहीं हुई थी, जिससे दुखी होकर 2 दिन पहले पीड़िता ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश भी की थी, लेकिन सूचना मिलते ही महिला थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी और पीड़िता को बचा लिया गया। जिसके बाद सोमवार देर शाम महिला की शिकायत पर हरदा महिला थाना में आरोपी हेड कांस्टेबल शिव शंकर चौरे के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

वहीं पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया है कि गणेश चतुर्थी के समय आरोपी हेड कांस्टेबल ने उसे व्हाट्सएप्प चैट पर अश्लील फोटो और मैसेज भेजे थे। इसके बाद नवरात्रि पर्व के समय भी जब वह आरोपी के घर गई थी, उस समय उसने पीड़िता को अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी और संबंध बनाने को लेकर दबाव बनाने लगा। लेकिन जब पीड़िता ने शोर मचा कर खुद को बचाने की कोशिश की, तो जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे धमकाया भी।

यही नहीं, पीड़िता के अनुसार आरोपी उसे पिछले कई माह से इसी तरह अश्लील इशारे कर छेड़छाड़ कर रहा था और उसके पति को झूठे आरोप में फंसा कर नौकरी से निकलवाने तक की भी बात कह रहा था। जिस से डरकर पीड़िता ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया था। वहीं महिला थाना प्रभारी अंजना मालवीय ने बताया कि एक शिकायतकर्ता महिला के द्वारा कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल शिव शंकर चौरे के खिलाफ छेड़छाड़ से जुड़ा आवेदन दिया गया है, जिसको लेकर हमने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

## बाइक सवार जीजा-साली और दोस्त को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**दमोह।** दमोह जिले के तारादेही और तेंदूखेड़ा के बीच रविवार रात एक बाइक पर सवार जीजा-साली और जीजा के दोस्त को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद जीजा के दोस्त भागीरथ आदिवासी को मृत घोषित कर दिया। जीजा मोहन आदिवासी को गंभीर स्थिति में जबलपुर रेफर किया गया, जबकि साली का इलाज तेंदूखेड़ा अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसा तब हुआ जब तीनों मंडी जा रहे थे।

## संपादकीय

# अब मंत्री-विधायक भी हिंसा की चपेट में, मणिपुर में फिर भड़की आग

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी मणिपुर में हिंसा की शुरुआत के डेढ़ वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं, मगर आज भी वहां अराजकता बेलगाम और सरकार लाचार खड़ी दिखती है। आखिर क्या वजह है कि हर कुछ रोज बाद हिंसा की बड़ी घटनाएं एक तरह से सरकार के सामने चुनौती देती हुई लग रही हैं और उस पर काबू पाने में वहां का प्रशासन पूरी तरह से नाकाम है। कुछ दिन पहले वहां गंभीर हिंसक घटनाओं का नया दौर फिर से शुरू हो गया है और आम लोगों की जान जा रही है। हाल ही में एक महिला की हत्या करके उसका घर जला दिया गया था। उसके बाद एक अन्य शिविर से छह लोग लापता हो गए। बाद में उनके शव मिलने की खबरें आईं। अब स्थानीय लोगों के बीच सरकार की इस व्यापक नाकामी के खिलाफ गुस्सा भड़क गया है और इस तरह हिंसा का दायरा अब और फैलता जा रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां कुछ लोगों ने अब विधायकों और मंत्रियों के घरों में आग लगाना शुरू कर दिया है। शनिवार और रविवार को कई विधायकों और मंत्रियों के घरों पर लोगों की भीड़ ने हमला किया, आग लगा दी और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की। यह समझना मुश्किल नहीं है कि कुकी और मैतेई समुदायों के बीच लंबे समय से चल रही हिंसा के बाद अब लोगों का गुस्सा सरकार खिलाफ भड़क रहा है और नेता भी हमलों के निशाने बनने लगे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी हाल में उचित नहीं मानी जा सकती, मगर ताजा हिंसा से यही लगता है कि इसमें शामिल दोनों समुदाय अब शायद इससे ऊब रहे हैं और उनका आक्रोश सरकार और राजनीतिक तबके के खिलाफ फूट रहा है। सवाल है कि किसी भी सरकार को अपना समूचा सुरक्षा तंत्र झोंकने के बाद हिंसक घटनाओं पर काबू पाने में कितना वक्त लगना चाहिए? पिछले वर्ष मई महीने में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दिए जाने के सवाल पर दो समुदायों के बीच जिस हिंसक टकराव की शुरुआत हुई थी, उसमें अब तक सवा दो सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राज्य सरकार की पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ-साथ सेना तक ने वहां मोर्चा संभाला।

## OSHO कहिन



**"मनुष्य खुद ईश्वर तक नहीं पहुंचता है, बल्कि जब वह तैयार होता है तो ईश्वर खुद उसके पास आ जाते हैं।"**

## हेल्थ इज वेल्थ

# सर्दियों में ड्राई स्किन की समस्या दूर करेगा कर्ड फेस मास्क

## ग्लोइंग और सॉफ्ट त्वचा के लिए ऐसे बनाकर लगाएं

सर्दियों शुरू होते ही त्वचा रूखी, शुष्क और बेजान नजर आने लगती है। दरअसल, शुष्क हवाओं की वजह से त्वचा की नमी कम होने लगती है, जो स्किन में इचिंग, स्क्रैच के साथ सफेद रूसी दिखने का कारण बनती है। अगर आप भी ठंड शुरू होते ही ड्राई स्किन की समस्या से परेशान रहते हैं तो अपने ब्यूटी रूटिन में दही फेस मास्क को जरूर शामिल कीजिए। दही सेहत के लिए ही नहीं बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी अमृत के समान है। ऑयली से लेकर ड्राई स्किन तक दही हर तरह की त्वचा के लिए लाभदायक होता है, जिसे चेहरे पर कई तरीकों से बनाकर लगाया जा सकता है। आइए जानते हैं सर्दियों के मौसम में चेहरे की नमी के साथ गुलाबी निखार भी बनाए रखने के लिए कैसे बनाकर लगाएं कर्ड फेस मास्क।

### कर्ड फेस मास्क बनाने के लिए सामग्री

- दो बड़े चम्मच फ्रेश दही
- एक चम्मच शहद
- एक चम्मच नारियल तेल
- एक बड़ा चम्मच मसला हुआ केला



### कर्ड फेस मास्क बनाने का तरीका

कर्ड फेस मास्क बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में दही और शहद को एक साथ मिलाकर उसका एक अच्छा सा सॉफ्ट पेस्ट बना लें। चेहरे पर दही लगाने से आपकी त्वचा सॉफ्ट और हाइड्रेट बनी रहेगी। अब इस पेस्ट में नारियल का तेल और मसला हुआ केला तब तक अच्छे से मिलाएं जब तक मिश्रण चिकना और क्रीमी न बन जाए। अब, तैयार फेस मास्क को आंखों को बचाते हुए चेहरे पर मास्क की मोटी परत लगाएं। मास्क को चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर रखें। जब मास्क पूरी तरह सूख जाए तो उसे हल्के गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद चेहरे पर एक अच्छा सा मॉइस्चराइजर लगाएं।

### चेहरे पर दही से बना मास्क लगाने के फायदे

कर्ड फेस मास्क चेहरे से गंदी के अलावा डेड स्किन सेल्स को भी रिमूव करके कील-मुंहासों को कम करने और दाग-धब्बों को हल्का करने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें मौजूद पोषक तत्व स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

## Uttarpradesh

# भदोही में सपा विधायक जाहिद बेग के घर कुर्की...साइकिल कुर्सी, मेज के साथ बर्तन भी उठा ले गई पुलिस

**भदोही, (एजेंसी)** यूपी के भदोही में सपा विधायक जाहिद जमाल बेग के आवास पर जिला प्रशासन द्वारा कुर्की कार्रवाई की गई. विधायक के तीन मंजिला मकान में देर शाम तक कुर्की की कार्रवाई चलती रही. करीब तीन वाहनों से विधायक आवास से जब्त सामान को ले जाया गया. पुलिस /प्रशासन की टीम द्वारा कुर्की के दौरान तख्त, साइकिल, मेज, कुर्सी, इन्वर्टर, पंखे, घड़ी, साज सज्जा के सामान, बर्तन, डाइनिंग टेबल आदि सामान को जब्त किया गया. पुलिस ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी शेयर किया है.



दरअसल, 8 सितंबर को भदोही में सपा विधायक जाहिद जमाल बेग के तीन मंजिला मकान में नाबालिग नौकरानी ने आत्महत्या कर ली थी. इसके बाद पुलिस ने विधायक के घर से एक और नाबालिग नौकरानी को मुक्त कराया था. इस मामले में पुलिस ने विधायक, उनकी पत्नी सीमा बेग व बेटे के खिलाफ बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी और आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज किया था. पुलिस ने विधायक के बेटे को 18 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद विधायक ने 19 सितंबर को कोर्ट में सरेंडर कर दिया. वहीं, विधायक की पत्नी सीमा बेग फरार हो गईं. कोर्ट के आदेश के बाद भी हाजिर नहीं हुईं. ऐसे में एमपी-एमएलए कोर्ट ने कुर्की का आदेश दे दिया. पुलिस के मुताबिक, कोर्ट के आदेश पर विधायक के तीन मंजिला मकान को कुर्क किया गया है. विधायक की पत्नी सीमा बेग कोर्ट के आदेश के बाद भी हाजिर नहीं हुई.

## Jammu

# जम्मू-कश्मीर में शुष्क मौसम के साथ बढ़ी सर्दी, गुलमर्ग, पहलगाम और लेह में पारा शून्य से नीचे



**जम्मू, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर में शुष्क मौसम के साथ सर्दी बढ़ी है। पर्यटन स्थल गुलमर्ग और पहलगाम के साथ लेह में न्यूनतम पारा शून्य डिग्री से नीचे चल रहा है। इन क्षेत्रों में रात में कड़ाके की ठंड की शुरुआत हो गई है। कश्मीर के लगभग सभी हिस्सों में दिन का तापमान 15 से 17 डिग्री के बीच चल रहा है। जम्मू संभाग में भी पारे में गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार, नवंबर के अंत तक मौसम साफ रहेगा।**

जम्मू में सुबह और देर शाम धुंध पड़ रही है। दृश्यता में कमी आई है और वाहनों की गति पर असर पड़ा है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में इसका अधिक प्रभाव देखा जा रहा है। जम्मू में दिन भर धूप खिली रहने के बाद अधिकतम तापमान सामान्य से थोड़ा गिरकर 25.4 और न्यूनतम 11.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बनिहाल में अधिकतम तापमान 16.6, बटोत में 19.5, कटड़ा में 24.0 और भद्रवाह में 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

श्रीनगर में अधिकतम पारा 15.3 और न्यूनतम 2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहलगाम में अधिकतम 12.0 और न्यूनतम माइनस 2.6 तथा गुलमर्ग में अधिकतम तापमान 6.2 व न्यूनतम माइनस 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## New Delhi

# दिल्ली-NCR में और बिगड़े प्रदूषण के हालात, कई इलाकों में 500 के पार AQI, नोएडा-गुरुग्राम में भी स्कूल ऑनलाइन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली (Delhi) और आस-पास के इलाके में हवा लगातार जहरीली होती जा रही है. वायु प्रदूषण के बढ़ते लेवल के बीच, ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध और सार्वजनिक प्रोजेक्ट्स पर निर्माण कार्य स्थगित करने सहित नियंत्रण उपायों के बावजूद मंगलवार सुबह AQI का फीगर 500 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली के पंजाबी बाग, पूसा, रोहिणी, शादीपुर, सोनिया विहार, विवेक विहार, वजीरपुर, अलीपुर, आनंद विहार, बवाना, जहांगीरपुरी, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, नरेला, नेहरू नगर और प्रतापगंज जैसे इलाकों में AQI का स्तर 500 पहुंच गया है. बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए दिल्ली यूनिवर्सिटी और जेएनयू ने ऑनलाइन क्लासेज का ऐलान किया है.दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया गया है. अब एमसीडी के दफ्तरों में सुबह 8:30 से लेकर शाम 5:00 बजे तक काम होगा.

## Andhra Pradesh

# रिटायरमेंट लो या कहीं और ट्रांसफर कराओ, गैर हिन्दू कर्मचारियों से बोला तिरुमाला बोर्ड

**तिरुपति, (एजेंसी)** TTD यानी तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड ने गैर हिन्दुओं को VRS यानी इच्छा से रिटायरमेंट या किसी अन्य विभाग में तबादला कराने के लिए कहा है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि इससे करीब 300 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। सोमवार को इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित किया गया है। टीटीडी एक स्वतंत्र सरकारी ट्रस्ट है, जो तिरुपति में तिरुमाला वेंकटेश्वरा मंदिर का प्रबंधन संभालती है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रस्ट के अध्यक्ष बीआर नायडू ने बताया है कि गैर-हिन्दुओं को लेकर यह फैसला लिया गया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा है कि बोर्ड के 7 हजार स्थाई कर्मचारियों में से यह करीब 300 को प्रभावित कर सकता है। टीटीडी में करीब 14 हजार ऐसे कर्मचारी भी हैं, जो कॉन्ट्रेक्ट पर काम कर



रहे हैं। खबर है कि इस फैसले को कई कर्मचारी यूनियनों से भी समर्थन मिल रहा है। 31 अक्टूबर को टीटीडी के अध्यक्ष बने नायडू का कहना है कि सिर्फ हिन्दुओं को ही मंदिर का काम देखना चाहिए। खास बात है कि अब तक टीटीडी एक्ट तीन बार संशोधित हो चुका है, ताकि मंदिर बोर्ड और उससे जुड़े संस्थानों में सिर्फ हिन्दुओं को ही नौकरी दी जा सके।

## खेल

# एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विस्मया डोप में फंसीं

### जकार्ता 2018 में 400 मीटर रिले में जीता था सोना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** जकार्ता एशियाई खेलों में जोरदार अंतिम फर्राटा भरते हुए भारत को चार गुणा चार सौ मीटर रिले का स्वर्ण पदक दिलाने वाली 400 मीटर की एथलीट वीके विस्मया डोप में फंस गई हैं। नाडा की ओर से किए गए आउट ऑफ कंपटीशन टेस्ट में उनके सैंपल में स्टीमुलेंट क्लोमिफेन पाया गया है। हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली शॉटपुटर किरन बालियान के बाद डोप में फंसनी वाली वह दूसरी बड़ी एथलीट हैं।

### अस्थाई प्रतिबंध लगा

नाडा के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल में शामिल विस्मया का सैंपल 24 अगस्त को उनके गृह नगर कन्नूर में लिया गया था। बताया जाता है कि उन्होंने प्रतिबंधित दवा लेने की बात स्वीकार करते हुए अस्थाई प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है। विस्मया ने 2018 के एशियाड में हिमा दास, एमआर पूवम्मा, और सरिताबेन गायकवाड़ के साथ मिलकर रिले का स्वर्ण जीता था। उन्होंने 2019 की दोहा एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की चार गुणा चार सौ मीटर रिले और चार गुणा चार सौ मीटर मिश्रित रिले के रजत पदक भी जीते थे। वह विश्व चैंपियनशिप में 3.15.77 मिनट का समय निकालकर सातवें स्थान पर रहने वाली महिला रिले टीम की भी सदस्य थीं।




### तीन अन्य एथलीट भी फंसे

वह पिछले कुछ समय से ट्रैक से गायब थीं। विशेषज्ञों के मुताबिक वाडा की एस-4 कैटेगरी में आने वाला क्लोमिफेन महिलाओं में गर्भ धारण की प्रक्रिया के लिए आवश्यक हार्मोन को उत्तेजित करने का काम करता है।
वहीं, नाडा की ओर से की गई अन्य टेस्टिंग में राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1500 मीटर का कांस्य जीतने वाली सुनीता ईपीओ के लिए डोप पॉजिटिव पाई गई हैं। दिल्ली राज्य एथलेटिक्स में खेलीं स्प्रिंटर मुस्कान राणा और इंटर रेलवे में डिकेथलन एथलीट प्रवीण कुमार स्टेनोजोलाल के लिए डोप पॉजिटिव पाए गए हैं।

## सिनेमा

# 'तारक मेहता' छोड़ रहे जेठालाल? दिलीप जोशी ने तोड़ी चुप्पी, बोले- झूठ है



टीवी के पॉपुलर सिटकॉम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही थी. शो के मेन किरदार जेठालाल शो को छोड़ रहे हैं, ऐसी खबरें आ रही थीं. कहा ये भी जा रहा था कि जेठालाल उर्फ दिलीप जोशी के बीच लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं. गर्मा-गर्मी में दिलीप ने शो के मेकर और प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी का कॉलर पकड़ लिया और साथ ही शो छोड़ने की भी धमकी दे डाली है. अब दिलीप जोशी ने इस खबर पर रिएक्ट किया है. इंडिया टुडे संग बातचीत में दिलीप ने कहा- जो चीजें मीडिया में आ रही हैं, मैं उसपर क्लैरिटी देना चाहता हूं. सभी अफवाहें हैं. मेरे और असित भाई के बीच की चीजें नहीं हुई हैं, सब झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं. ये चीजें देखकर मुझे दुख हो रहा है. 'तारक मेहता' एक ऐसा शो है जो मेरे लिए काफी मायने रखता है और लाखों की तादाद में फैन्स इसे पसंद करते हैं. जब भी कोई व्यक्ति बेसलेस खबरें फैलाता है तो शो के सच्चे दर्शकों को इस बात से काफी हर्ट होता है. 'इतने सालों से शो में जो अच्छी चीजें दिखाई जा रही हैं, उनपर इन बातों ने पानी फेर दिया है. इतनी निगेटिविटी देखकर मेरा दिल दुख रहा है. जब भी कोई अफवाह सामने आती है, ऐसा लगता है कि हमें आगे आकर गलत चीजों के बारे में बार-बार एक्स्प्लेन करना पड़ रहा है, जिनमें रत्तीभर भी सच्चाई नहीं. थका देने वाला है ये सब. फ्रस्टेटिंग भी है, क्योंकि ये सिर्फ हमारी बात नहीं, बल्कि हमारे चाहने वाले फैन्स और शो को प्यार देने वाले लोगों की भी बात है.

## Highlights

1. **Bulldozer on standby to reclaim the looted funds in J'khand: Yogi**
2. **Physical classes stopped in GB Nagar, Ghaziabad schools due to pollution**

## देव आय टी Q2 FY25 का शुद्ध मुनाफा 389% बढ़ा, महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुंबई** I Dev Information Technology Limited (NSE – DEVIT, BSE - INE060X01026), एक वैश्विक आईटी सेवा कंपनी जो क्लाउड सेवाएं, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, एंटरप्राइज एप्लिकेशंस, और मैनेज्ड आईटी सेवाएं प्रदान करती है, और जिसके उत्पादों में Talligence और ByteSigner शामिल हैं, ने Q2 FY25 और H1 FY25 के लिए अपने Unaudited Financial Results की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, संस्थापक और अध्यक्ष श्री प्रणव पंड्या ने कहा, 'हमें Q2 FY25 के लिए अपनी वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो नवाचार और गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस तिमाही में प्राप्त महत्वपूर्ण वृद्धि हमारी टीम की नवाचार और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिससे हमारे ग्राहकों के लिए मूल्य-आधारित समाधान प्रदान किए जा सके हैं। हमारी EBITDA और PAT में हुई प्रभावशाली वृद्धि हमारे संचालन की दक्षता और विभिन्न सेवा क्षेत्रों में रणनीतिक विकास को दर्शाती है।

# RBI governor Shaktikanta Das's term likely to be extended further: Report



**NEW DEIHI, (Agency).** The central government is likely to extend the term of RBI governor Shaktikanta Das, news agency Reuters reported, quoting sources aware of the development. If granted an extension, Das would become the longest-serving head of India's central bank since the 1960s.

Sources told Reuters that no other candidates are under consideration, nor any selection committee had been set up to choose Das's successor. Hence, the term of the current RBI governor is likely to be extended, the report said.

Another source with direct knowledge of the development said the announcement on Das's extension will be made public after the assembly elections in Maharashtra are complete on November 20. The moral code of conduct by the Election Commission of India (ECI) bars the ruling party from making any ad-hoc appointments that could affect the electorate's voting behaviour.

Reuters said the Finance Ministry, the Prime Minister's Office, and the central bank did not immediately respond to emails seeking comment. A final decision would be taken by the Prime Minister, sources added.

Who is Shaktikanta Das?

Das was a former Secretary of the finance ministry who assumed charge as the 25th Governor of the Reserve Bank of India on December 12, 2018. He has also served as a member of the 15th Finance Commission and was the G20 Sherpa of India.

During his long tenure in the finance ministry, Das was directly associated with the preparation of as many as eight union budgets. Das has also served as India's Alternate Governor in the World Bank, Asian Development Bank (ADB), New Development Bank (NDB) and Asian Infrastructure Investment Bank (AIIB). He has represented India in international bodies like the IMF, G20, BRICS, SAARC, etc.

# Little change in India's unemployment rate in urban areas: PLFS data

**NEW DEIHI, (Agency).** India's unemployment rate in urban areas during July-Sept 2024 stood at 6.4%, compared to 6.6% in the same period last year, according to the government's quarterly periodic labour force survey (PLFS) released on Monday.

The jobless rate among women, aged 15 years and above, came in far higher than for men for similar age bracket, a trend that has been steadfast over several quarters, according to the data. This points to continued labour-market frictions for job-seeking women, who can find less work than men.



The unemployment rate for men stood at 5.7%, against 8.4% for women. The unemployment rate is the percentage of unemployed people in the labour force, defined as the sum of people already working and those not in any job.

The Union government launched the PLFS in 2017 to assess labour-market movements in a country with a bulging young, job-seeking population. The PLFS currently issues quarterly data on key indicators but with a lag, followed by one annual report.

The findings reveal that unemployment levels have remained largely unchanged overall, with only a marginal improvement.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी
समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक